
***"ई एस एल सेवाओं का उद्देश्य छात्रों को अंग्रेज़ी भाषा में प्रवीणता प्रदान करना, उनका बौद्धिक एवं एक नागरिक के रूप में विकास, और प्रांतीय पाठ्यक्रम के अपेक्षित शिक्षा लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता देना है। "***

***बी सी शिक्षा मंत्रालय***



**"Helping Your Child Acquire English Language Skills, Part 1"**

[Hindi]

यह ब्रोशर वैनकूवर स्कूल बोर्ड के सैटलमेंट वर्कर्ज़ (VSB SWIS) द्वारा प्रायोजित किये गए कई ब्रोशरों में एक है। इसकी रचना कुछ ई.एस.एल. (ESL/ELL) शिक्षकों तथा वैनकूवर स्कूल बोर्ड के मल्टीकल्चरल लिएजों वर्कर्ज़ (VSB MCLW) ने की है।

Canada WelcomeBC

यह ब्रोशर कनाडा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरकार से धन के माध्यम से संभव बनाया गया है।

# अंग्रेज़ी भाषा में निपुणता की प्राप्ति में आपके बच्चे की सहायता



***भाग 1***

***एक नए देश में आना और एक नई भाषा में शिक्षा प्राप्त करना एक चुनौती है। छात्रों को माता-पिता और परिवार के सदस्यों के अतिरिक्त अध्यापकों के समर्थन, प्रोत्साहन और समझ से बहुत लाभ होता है।***

## एक नई भाषा सीखना

प्रत्येक बच्चा अपनी अपनी निजी गति से एक नई भाषा सीखता है। यदि आप निम्न तथ्यों को समझते हैं तो आपके बच्चे को अवश्य सुविधा होगी:

- एक नई भाषा सीखना बहुत कठिन और थका देने वाला काम है।
- सुनना, बोलना, पढ़ना और लिखना समान गति से विकसित नहीं होते। सुनने और बोलने की कुशलता पढ़ने और लेखन की योग्यता से पहले प्राप्त होती है।
- सामाजिक भाषा (रोज़मर्रा की आमने-सामने की बातचीत) शैक्षिक भाषा की तुलना में जल्दी सीखी जाती है।
- शैक्षिक भाषा (पाठ्यपुस्तकों की भाषा) को पूरी तरह से विकसित होने में बहुत समय लगता है। इसमें 10 साल तक लग सकते हैं।
- एक नई भाषा सीखते समय, सीखने वाले का कुछ समयावधि के लिए मौन हो जाना एक साधारण बात है, लेकिन वे ऐसे समय में भी अपने आस-पास से भाषा को सीखते और ग्रहण करते रहते हैं।
- शुरू में विद्यार्थी तेज़ी से नई भाषा सीखते हैं, फिर लगता है कि वे एक ऐसे बिंदु पर पहुँच गए हैं जहाँ कोई उन्नति नहीं हो रही। यह एक नई भाषा सीखने की सामान्य प्रक्रिया है।

***शोध से पता चलता है कि विद्यार्थी जितना अधिक अपनी अंग्रेज़ी की योग्यताओं का अभ्यास करते हैं, वे उतनी ही जल्दी सामाजिक और शैक्षिक भाषा दोनों का उपयोग करने में सक्षम हो जाते हैं।***

## मैं क्या कर सकता/सकती हूँ?

आप निम्न रूप से मदद कर सकते हैं:

- सहनशील रह कर।
- यह समझ कर कि एक नई भाषा सीखने में समय और अभ्यास की आवश्यकता है।
- अपने बच्चे को अपनी यह सोच दर्शा कर कि अंग्रेज़ी सीखना आवश्यक है।
- स्कूल, क्लब और अन्य गतिविधियों में आपके बच्चे जो कर और सीख रहे हैं उस में दिलचस्पी ले कर और उसके बारे में उनसे बातचीत कर के।
- आपके बच्चे स्कूल में कैसा महसूस कर रहे हैं, इसके विषय में वार्तालाप कर के।
- अपने बच्चे को हिम्मत दे कर कि अंग्रेज़ी अच्छी तरह से सीखने में समय लगता है।

***अपनी मातृभाषा में योग्यता अंग्रेज़ी भाषा में निपुणता प्राप्त करने में सहायक होती है।***

## पढ़ने और लिखने में सहायता करना

विशेष रूप से अंग्रेज़ी में पढ़ने और लिखने में अपने बच्चे की सहायता करने के लिए आप निम्नलिखित कार्य कर सकते हैं :

- पढ़ें ताकि आपके बच्चे को पता चले कि आप पढ़ने को महत्व देते हैं।
- एक दूसरे को उच्च स्वर में पढ़ के सुनाएँ।
- कहानियों वाली और तथ्यों वाली दोनों प्रकार की किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। इसके अलावा, अधिकतर पुस्तकालय गैर-अंग्रेज़ी पढ़ने की सामग्री भी रखते है। अपने बच्चे से आग्रह करें कि वह लाइब्रेरियन से अपनी आयु और मातृभाषा के उपयुक्त पुस्तकों को ढूँढने में मदद मांगे।
- पुस्तकालय में चल रहे विशेष कार्यक्रमों के बारे में जानें, जैसे कि:
    - पुस्तकों के बारे वार्ता;
    - ग्रीष्मावकाश में पढ़ने के कार्यक्रम;
    - नाटक संघ;
    - गृहकार्य (होमवर्क) क्लब;
    - ट्यूशन के कार्यक्रम;
    - इंटरनेट कार्यक्रम, आदि
- अपने बच्चे को एक डायरी रखने के लिए प्रोत्साहित करें।
- अपने बच्चे को अंग्रेज़ी में और अपनी मातृभाषा में कहानियाँ, कवितायें आदि लिखने का आग्रह करें।
- अपने बच्चे को दोस्तों और रिश्तेदारों को पत्र लिखने को कहें।

**इस ब्रोशर में बहुत सारी ऐसी गतिविधियों का विवरण है जो आप और आपके बच्चे दोनों के लिए उपयोगी होंगी। इकट्ठे मिल कर अभ्यास करने से आप अपने बच्चे को अंग्रेजी का बेहतर ज्ञान प्राप्त करने में सहायता कर सकते हैं और आप दोनों अपनी नई भाषा को इस्तेमाल करने में आसानी महसूस कर सकते हैं।**

VSB

**"Helping Your Child Acquire English Language Skills, Part ”**


[Hindi]

यह ब्रोशर वैनकूवर स्कूल बोर्ड के सैटलमेंट वर्कर्ज़ (VSB SWIS) द्वारा प्रायोजित किये गए कई ब्रोशरों में एक है। इसकी रचना कुछ ई.एस.एल. (ESL/ELL) शिक्षकों तथा वैनकूवर स्कूल बोर्ड के मल्टीकल्चरल लिएज़ों वर्कर्ज़ (VSB MCLW) ने की है।

Canada WelcomeBC

यह ब्रोशर कनाडा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरकार से धन के माध्यम से संभव बनाया गया है।

# अंग्रेज़ी भाषा में निपुणता की प्राप्ति में आपके बच्चे की सहायता



***भाग 2***

*एक नए देश में बसना वयस्कों और बच्चों दोनों के लिए चुनौतियाँ उत्पन्न करता है। एक नई भाषा में संवाद करना सीखना उन में से एक सबसे बड़ी चुनौती होती है।*

*एक नई भाषा में सीखने के प्रति आपका निजी रुझान, आपके बच्चे के रुझान पर बहुत गहरा प्रभाव डालता है।*

*भाषा सीखने के बारे में आपके अपने दृष्टिकोण और ज्ञान के अतिरिक्त ऐसे कई तरीके हैं जिनसे आप, माता पिता के रूप में, न केवल अपने बच्चे की, बल्कि अपनी भी मदद कर सकते हैं।*

*इस पुस्तिका में वर्णित गतिविधियों को पूरा करने के लिए आप अपनी मातृभाषा और / या अंग्रेज़ी का प्रयोग कर सकते हैं।*

*यह ब्रोशर भी देखें,* ***"तरीके जिनसे आप अपने बच्चे को घर में ज्ञान प्राप्ति करने में सहायता कर सकते हैं।"***

## अपने बच्चे की अंग्रेज़ी भाषा प्राप्ति में सहायता देना निम्नलिखित पर निर्भर करेगा:

आपके बच्चे की आयु:
- बड़ी उम्र के बच्चों की जरूरतें अलग होती हैं और माता-पिता से मिल रहे आलंबन की प्रतिक्रिया छोटी आयु के बच्चों की तुलना में अलग होती है।

आपके बच्चे की अंग्रेजी भाषा में योग्यता:
- जो अभी अंग्रेज़ी सीखना आरम्भ कर रहे हैं उनकी सहायता की ज़रूरतें, उनसे, जो पहले से ही कुछ अंग्रेज़ी जानते हैं, अलग होती है।

आपके बच्चे की मातृभाषा में पढने और लिखने की योग्यता :
- यदि बच्चे मातृभाषा में यह गुण रखते हैं, तो नई भाषा में इन योग्यताओं का ग्रहण अधिक आसानी से करते हैं।

अपनी संस्कृति और मातृभाषा की ओर आपके बच्चे का रुझान :
- जब मातृभाषा को महत्व दिया जाता है, तो एक नई भाषा सीखना इतना जोखिम से भरा नहीं लगता।

## अपने बच्चे की सहायता आप निम्नलिखित तरीकों से भी कर सकते हैं :

- यह दर्शा कर कि आप ज्ञान प्राप्ति को बहुत महत्व देते हैं।
- स्वयं अंग्रेज़ी सीख कर।
- सहनशील बन कर।
- स्कूल के कार्यकर्मों में भाग ले कर।
- अपने नए देश के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए अपने बच्चे को संग्रहालयों, ऐतिहासिक स्थलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भ्रमण करा कर।

## श्रवण करने और बोलने में सहायता

विशेष रूप से अंग्रेज़ी में सुनने और बोलने की योग्यता प्राप्त करने के लिए आप अपने बच्चे की निम्न लिखित तरीकों से मदद कर सकते हैं :

- अपने घर और पड़ोस के आसपास की आम वस्तुओं के नाम जानने में मदद करें।
- सैर के लिए जाएँ और सड़कों पर लगे सूचक, घरों के नंबर, दुकानों के नाम, आदि पढ़ने का अभ्यास करें।
- अंग्रेज़ी में इस्तेमाल होने वाले आम अभिवादनों का अभ्यास करें।
- जो वे सीख रहे हैं उसके बारे में उनसे बात करें।
- पुस्तकालय से टेप तथा सी डी पर उपलब्ध पुस्तकें ले कर आएँ ताकि वे अंग्रेज़ी में कहानियां सुन सकें। रिकार्ड की गई यह किताबें कहानियों और गैर-काल्पनिक रूपों में और भिन्न भिन्न श्रेणी की कठिनाई की हो सकती हैं।
- स्कूल में ग़ैर-अकादमिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।
- कम्युनिटी सैंटर, युवा क्लब, और अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजित गतिविधियों में भागीदारी को प्रोत्साहित करें।

*बहुत से इंटरनेट साईट उपलब्ध हैं जिनसे अंग्रेज़ी सीखने में मदद मिलेगी। यह साईट अंग्रेज़ी का अभ्यास करने और शब्दावली का निर्माण करने के कई तरीके प्रस्तावित करते हैं।*

*आपके बच्चे के अध्यापक या स्कूल लाइब्रेरियन सबसे उत्तम साइटों को खोजने में आपके सहायक होंगें।*

